**दिनांक : 12/03/2026** **समय :7.10 एएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में महिलाओं की कृषि और खाद्य श्रृंखला पर तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल गुवाहाटी से देश के करोड़ों किसानों के खातों में किसान सम्मान निधि की बाईसवीं किस्त जारी करेंगे।
- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कल दमोह में चार सौ करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण किया।
- बीसीसीआई ने आईपीएल 2026 के पहले चरण के कार्यक्रम की घोषणा की  है जो 28 मार्च से 12 अप्रैल तक दस शहरों में खेला जाएगा।

अब समाचार विस्तार सेः-

राष्ट्रपति- कृषि एवं खाद्य सम्मेलन 2026

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली में 'कृषि-खाद्य श्रृंखला में महिलाओं की भागीदारी' पर वैश्विक सम्मेलन 2026 का उद्घाटन करेंगी। इस तीन दिवसीय सम्मेलन का विषय है 'प्रगति को गति देना, नई ऊंचाइयों को छूना'। यह आयोजन नई दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

प्रधानमंत्री-किसान सम्मान निधि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल ,यानि 13 मार्च को असम के गुवाहाटी से देशभर के करोड़ों किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी करेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया  कि प्रधानमंत्री डीबीटी के माध्यम से 9 करोड़ 32 लाख से अधिक किसानों के खातों में 18,640 करोड़ रुपये  हस्तांतरित करेंगे।श्री चौहान ने इस योजना को 'समृद्धि, सशक्तिकरण और सुशासन' का संगम बताते हुए कहा कि यह राशि किसानों के आत्मबल को बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने वाला एक ऐतिहासिक कदम है।

संसद -आज

राज्यसभा में आज ग्रामीण विकास मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा आगे बढ़ाई जाएगी। वही, लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन वित्तीय वर्ष 2025-26 की सेवाओं के लिए भारत की संचित निधि से कुछ अतिरिक्त राशियों के भुगतान और विनियोग को अधिकृत करने के लिए विनियोग विधेयक, 2026 पेश करेंगी।  कल, लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज कर दिया गया। सदन में हुई चर्चा का जवाब देते हुए, वरिष्ठ भाजपा नेता और गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्ष ने अध्यक्ष की निष्ठा पर सवाल उठाया।

बंधुआ श्रमिक-रेस्क्यू बैतूल

राज्य सरकार के सक्रिय प्रयासों से तमिलनाडु में बंधुआ बनाए गए बैतूल और हरदा के 24 श्रमिकों को सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर सुरक्षित घर वापस लाया गया है। कल रात बैतूल रेलवे स्टेशन पहुँचने पर कलेक्टर और एसपी ने इन श्रमिकों का स्वागत किया। इन श्रमिकों को तमिलनाडु के इरोड जिले में बंधक बनाकर रखा गया था, जिन्हें राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग और जिला प्रशासन के समन्वय से मुक्त कराया गया। सरकार ने पुनर्वास के लिए प्रत्येक श्रमिक को 30-30 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

महिला सशक्तिकरण सम्मेलन-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल दमोह के हटा में आयोजित महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में 405 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया। उन्होंने सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन लगवाने वाली बेटियों को प्रमाण पत्र सौंपते हुए माताओं-बहनों से टीकाकरण के प्रति जागरूक होने की अपील की।

एलपीजी सिलेंडर

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने प्रदेशवासियों को आश्वस्त किया है कि एलपीजी सिलेंडर की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। वैश्विक परिस्थितियों के चलते अब प्रदेश में घरेलू गैस की रिफिल बुकिंग पिछली डिलीवरी के 25 दिन बाद ही स्वीकार की जाएगी। मंत्री ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों को छोड़कर अन्य वाणिज्यिक संस्थानों, जैसे होटल और फैक्ट्रियों को एलपीजी की सप्लाई नहीं की जाएगी, ताकि घरेलू उपभोक्ताओं को नियमित आपूर्ति मिल सके। सभी जिला कलेक्टर्स को निर्देश दिए गए हैं कि वे तेल कंपनियों के साथ मिलकर स्टॉक की निगरानी करें और जमाखोरी करने वाले वितरकों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

नेशनल लोक अदालत

आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी और अनियमितताओं के मामलों का निपटारा भारी छूट के साथ किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए इस अवसर का लाभ उठाएं। 10 लाख रुपये तक के सिविल दायित्व वाले मामलों में, प्रि-लिटिगेशन स्तर पर मूल राशि में 30 प्रतिशत और लिटिगेशन स्तर पर 20 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। साथ ही, दोनों स्तरों पर ब्याज में 100 प्रतिशत की पूरी छूट मिलेगी। यह योजना घरेलू, कृषि, 5 किलोवाट तक के गैर-घरेलू और 10 हॉर्स पॉवर तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए लागू है।

राज्य स्वास्थ्य एजेंसी-कार्यवाही

भोपाल के अल रशीद चैरिटेबल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर को आयुष्मान भारत 'निरामयम्' योजना से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। राज्य स्वास्थ्य एजेंसी द्वारा की गई जांच में अस्पताल द्वारा पैकेजों के दुरुपयोग, मरीजों को अनावश्यक रूप से भर्ती रखने और वित्तीय धोखाधड़ी जैसी गंभीर अनियमितताएं पाई गई हैं। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी इस अस्पताल पर जुर्माना लगाया जा चुका था, लेकिन सुधार न होने पर यह कड़ी कार्रवाई की गई है।

बीसीसीआई-आईपीएल 2026

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड-बीसीसीआई ने इंडियन प्रीमियर लीग- आईपीएल 2026 के पहले चरण का कार्यक्रम घोषित कर दिया है, जो 28 मार्च से 12 अप्रैल 2026 तक खेला जाएगा। इस दौरान तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, इसलिए चुनाव तिथियां घोषित होने के बाद ही पूरे टूर्नामेंट का कार्यक्रम जारी किया जाएगा। टूर्नामेंट के पहले चरण में 10 स्थानों - बेंगलुरु, मुंबई, गुवाहाटी, नई चंडीगढ़, लखनऊ, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली, अहमदाबाद और हैदराबाद- में कुल 20 मैच खेले जाएंगे। हालांकि, बेंगलुरु में प्रस्ताविक मैच कर्नाटक सरकार द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति की मंजूरी के अधीन होंगे।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

- एफआईएच-हॉकी महिला विश्व कप क्वालीफायर 2026 में, भारतीय टीम ने कल शाम हैदराबाद में पूल बी के मुकाबले में वेल्स को 4-1 से हरा दिया।
- राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज झाबुआ जिले के प्रवास पर रहेंगे। राज्यपाल श्री पटेल कृषि विज्ञान केंद्र झाबुआ में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।
- उत्तरप्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज आगरमालवा जिले के प्रवास पर रहेंगें। वे नलखेड़ा पहुंचकर प्रसिद्ध पीताम्बरा सर्व सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे।
- सतना में नगरीय विकास एवं आवास और प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने समीक्षा बैठक में ग्रीष्मकाल के दौरान नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता बनाये रखने के लिए सुनिश्चित प्रबंध करने के निर्देश दिए।

- इंदौर में घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग की रोकथाम के लिए विशेष मुहिम के तहत 35 प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करते हुए 105 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए हैं।
- नर्मदापुरम में जनगणना 2027 के पहले चरण की तैयारियों को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना से जुड़े कार्यों पर चर्चा की गई।
- अशोकनगर में ग्रीष्मकाल में पेयजल की समस्याओं के तत्काल निराकरण के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।
- जबलपुर में कल से तीन दिवसीय मिलेट्स फूड फेस्टिवल सह कृषि मेले की शुरूआत की गई।
- मन्दसौर में गेहूं उपार्जन के लिए अब तक 66 हजार से अधिक किसानों ने पंजीयन कराया है।
- डिंडौरी के विकासखंड समनापुर में मातृशक्ति संकुल स्तरीय संगठन द्वारा संचालित हमर आजीविका दीदी कैफे का शुभारंभ किया गया।

-------------